कबीर भजन एवं विचार मंच

संक्षिप्त परिचय

एकलव्य संस्था विगत बारह वर्षों से शिक्षा, पर्यावरण, जन विज्ञान व संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत है। इन कार्यक्रमों के दौरान पिछले कई वर्षों से कबीर भजनों एवं विचारों को सुनने समझने का अवसर मिला। उन्हीं साथियों की पहल व भागीदारी से 2 जुलाई 91 को "कबीर भजन एवं विचार मंच" का गठन किया गया। यह मंच कबीर के विचारों से प्रेरित मालवा क्षेत्र के विभिन्न व्यवसाय में लगे साथियों जैसे शिक्षक, छात्र, कृषक, छोटे दुकानदार व मजदूर इत्यादि का खुला मंच है। मंच का प्रमुख उद्देश्य कबीर के विचारों का लोक-व्यापीकरण करना है।

मंच की दशा और दिशा

विगत 2 जुलाई 91 से अब तक लगातार चार वर्षों की मासिक गोष्ठियों के माध्यम से लगभग 500 भजन मंडलियों से सम्पर्क बना एवं विचारों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया शुरू हुई। इस सारी प्रक्रिया में कबीर भजन मंडलियों के माध्यम से मालवा में कबीर के बारे में वर्तमान सोच को समझने का मौका मिला। विगत वर्ष से देवास जिले की टोंकखुर्द, बागली, सोनकच्छ एवं देवास तहसीलों में कबीर के पदों का भाषाशास्त्रीय अध्ययन एवं उनका व्यवस्थित लिपीकरण का कार्य भारतीय इतिहास शोध संस्थान दिल्ली के सहयोग से प्रारम्भ किया। साथ ही निम्न स्थानों पर नियमित गोष्ठियां प्रारम्भ हुई।

(1) एकलव्य, राधागंज देवास- प्रतिमाह 2 तारीख
(2) गोपालपुरा, हाटपिपल्या - प्रतिमाह 8 तारीख
(3) ग्राम पीर पाल्ड़या - प्रतिमाह 10 तारीख
(4) ग्राम झोंकर - प्रतिमाह 25 तारीख

सभी स्थानों पर भजन – रात्रि 9-00 बजे से

विगत वर्षो के कार्यो का लेखा-जोखा

* सामाजिक समता एवं बदलाव में रूचि रखने वाले साथियों को मालवा के 16 स्थानों पर विभिन्न संतों, महापुरुषों से सम्बन्धित साहित्य भी उपलब्ध कराया
* कबीर भजनों के 2 कैसेट भी मंच के साथियों के सहयोग से निकाले गये। प्रति कैसेट मूल्य 25-00 रुपये।
* पुस्तक–"कबीरा सोई पीर है जो जाणे पर पीर" मूल्य– 2-00 रुपये।
* देवास जिले में 4 स्थानों पर नियमित कबीर भजन एवं उन पर चर्चा का आयोजन।
* कबीर साहित्य में रूचि रखनेवाले साथियों को साहित्य उपलब्ध कराना।
* इस क्षेत्र में गाए जाने वाले कबीर भजनों की पुस्तिका छपवाना।
* कबीर भजन मंडलियों के साथ–साथ सांस्कृतिक मंडलियों से सम्पर्क।

- साक्षरता व सामाजिक बदलाव सम्बन्धित गीतों को लोकधुनों व कबीर भजनों की धुनों में बनाकर गाना।
- म.प्र. एवं अन्य प्रदेश के कबीर विचार से जुड़ संस्थानों, समूहों से सम्पर्क/संवाद स्थापित करना।
- रुचि रखनेवाले साथियों की पहल पर अन्य स्थानों पर मंच की इकाईयाँ स्थापित करना।
- कबीर मंडलियों से जुड़े साथियों के मोहल्लों में बाल साहित्य एवं बाल गतिविधियाँ एकलव्य के माध्यम से आयोजित करना।

मंच का सम्पर्क पता–

एकलव्य 6, एरिना रोड़, राधागंज, देवास 455001 (म.प्र.)